**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)**
**माह नवंबर, 2021 के संक्षिप्त विवरण**

**माह के मुख्य कार्यक्रम नीचे दिए गए हैं:**

1. **(पीएमकेवीवाई 3.0) के तहत कोविड योद्धाओं के लिए विशेष रूप से तैयार क्रैश पाठ्यक्रम कार्यक्रम-** एमएसडीई ने आपूर्ति क्षेत्र के कुशल स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों और संबंधित कर्मियों की बढ़ती मांग को पूरा करने, मौजूदा स्वास्थ्य कर्मियों के काम के बोझ को घटाने और देश के प्रत्येक क्षेत्र में समय पर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 'कोविड योद्धाओं के लिए विशेष रूप से तैयार क्रैश पाठ्यक्रम कार्यक्रम' आरंभ किया है। इस कार्यक्रम के तहत 21.11.2021 तक कुल 39,666 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है।

2. **वीसी, बैठकें और महत्वपूर्ण निर्णय:** सचिव और अपर सचिव, एमएसडीई द्वारा 09.11.2021 को 'श्रम संबंधी स्थायी समिति' के समक्ष मौखिक साक्ष्य (राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम से संबंधित) प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त, शिक्षुता पोर्टल मामलों, दिशानिर्देशों और नियमों में संशोधन और शिक्षु अधिनियम में संशोधन पर चर्चा करने के लिए 24.11.2021 को हितधारकों के साथ परामर्श बैठक आयोजित की गई।

3. सचिव, एमएसडीई द्वारा सदस्य (प्रशासन) और क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) के अन्य अधिकारियों के साथ 8.11.2021 को एक बैठक आयोजित की गई और इसके पश्चात 12.11.2021 को सीबीसी टीम द्वारा वीसी के माध्यम से एमएसडीई इकोसिस्टम के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए योजना तैयार करने के लिए दूसरी बैठक आयोजित की गई थी।

4. 15 जुलाई 2015 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरंभ की गई कौशल ऋण स्कीम में सुधार लाने के लिए 22.11.2021 को, सचिव की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी), इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए), सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों और अन्य हितधारकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

5. व्यावसायिक और सामान्य शिक्षा दोनों के लिए एकीकृत क्रेडिट संचयन और अंतरण प्रणाली तैयार करने के लिए गठित समिति की प्रथम बैठक अध्यक्ष एनसीवीईटी की ओर से 26.11.2021 को बुलाई गई।

6. अध्यक्ष, एनसीवीईटी की अध्यक्षता में एनसीवीईटी के तहत राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 13वीं बैठक 25 नवंबर, 2021 को आयोजित की गई, जिसमें **161**

(47 नई और 114 संशोधित) अर्हताएं समिति के समक्ष प्रस्तुत की गईं, ताकि कौशल अर्हता ढांचा के साथ संरेखण के लिए अनुमोदन प्रदान किया जा सके। उनमें से राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) समिति ने **97** अर्हताओं को मंजूरी दी और **52** अर्हताएं को सशर्त अनुमोदित किया गया। इस तरह, अब तक कुल **4673** अर्हताओं को एनएसक्यूएफ से जोड़ा गया है।

7. 11 नवंबर, 2021 को एनसीवीईटी परिषद की **चतुर्थ** बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष, एनसीवीईटी ने की, जिसमें अनेक नीतिगत मामलों के साथ-साथ प्रशासनिक मामलों पर चर्चा की गई और अवार्डिंग बॉडी की ओर से अर्हताओं के अंगीकरण के लिए दिशानिर्देशों के अनुमोदन करने के अतिरिक्त परिषद ने अवार्डिंग बॉडी और आकलन एजेंसियों के दिशानिर्देशों में संशोधन किया। अर्हता फाइलों में भाषा की बाधा को दूर करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण में भारतीय भाषाओं को लागू करने का कार्य निष्पादित किया गया।

8. उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) के लिए स्थायी समिति की वर्चुअल बैठक सचिव (एमएसडीई) की अध्यक्षता में 26 नवंबर, 2021 को आयोजित हुई, जिसमें आईएनएस शिवाजी को मरीन इंजीनियरिंग और इंस्टीट्यूट ऑफ वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई।

9. **संकल्प** (आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन और ज्ञान जागरूकता) स्कीम के तहत, नवंबर 2021 के दौरान निम्नलिखित कार्य किए गए:

क. 25 अक्तूबर, 2021 से 6 नवंबर, 2021 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय फैलोशिप चरण- II कार्यक्रम के तहत 09 सहयोगी आईआईएम द्वारा शैक्षणिक मॉड्यूल सत्र 1 पूर्ण किया गया। इसके अतिरिक्त, 8 नवंबर, 2021 के पश्चात देश के 655 जिलों में डिस्ट्रिक्ट इमर्जन 1 के लिए 8 नवंबर से 655 फैलो की तैनाती की गई है।

ख. 11 नवंबर, 2021 को राजस्थान के राज्य और जिला अधिकारियों को जिला कौशल विकास योजना और जिला कौशल योजना सहायता किट (डिस्पाक) के बारे में उन्मुख करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ग. आजादी का अमृत महोत्सव के भाग के रूप में, आदर्श ग्राम कौशल शिविर परियोजनाओं को आरपीएल शिविर, भावी कौशलीकरण, माननीय मंत्री, एसडीई की ओर से, इग्नू के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से वार्ता सत्र के रूप में आयोजित की गई।

10. **डीजीटी की ओर से पहलें:**

क. एनपीआईयू टीम ने आर्थिक मामले विभाग, भारत सरकार की ओर से आयोजित स्ट्राइव के लिए 15 नवंबर 21 को आयोजित त्रिपक्षीय विभागीय समीक्षा बैठक (टीपीआरएम) में भाग लिया।

ख. कार्यान्वयन एजेंसियों के लिए खरीद कार्य योजना (पीएपी) पर चर्चा के लिए 30 नवंबर को 9 राज्यों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई।

ग. राजस्थान (10-11 नवंबर) और उत्तर प्रदेश (24-25 नवंबर) के लिए राज्य क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें आईटीआई प्राचार्यों और राज्य टीमों ने भाग लिया।

घ. एनएसटीआई की पुनर्संकल्पना से संबंधित परामर्श के लिए 20 उद्योगों (18 नवंबर 21), 16 राज्यों (22 नवंबर) और 10 एनएसटीआई (29 नवंबर) के 50 पूर्व छात्रों के साथ तीन वार्ता कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

ङ. एनसीवीईटी की दिनांक 25 नवंबर 2021 की बैठक में ड्रोन तकनीशियन से संबंधित सीटीएस पाठ्यक्रम, वरिष्ठ स्पा थेरेपिस्ट से संबंधित एसटीटी पाठ्यक्रम को मंजूरी दी गई।

च. 29 नवंबर 2021 को पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। नवगुरुकुल के लिए संशोधित मॉडल पाठ्यक्रम (विशुद्ध रूप से ऑनलाइन) सीएसटीएआरआई को पुन: प्रस्तुत किया गया।

छ. माइक्रोसॉफ्ट और नैस्कॉम के समन्वय से सीओपीए से मेल खाते शिक्षण पर मास्टर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 2 बैचों में 51 मास्टर प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

ज. sdis.gov.in, apprenticeship.gov.in और bharatskills के लिए पोर्टल एसएसएल प्रमाण-पत्र सफलतापूर्वक प्राप्त और इंस्टाल किया गया।

झ. भारत स्किल्स पोर्टल में फेसबुक मैसेंजर चैट बॉक्स को जोड़ा गया है।

ञ. नवंबर 2021 में एनसीवीटीएमआईएस पोर्टल के तहत बनाई गई सीबीटी परीक्षा के लिए आईटीआई ट्रैकिंग, डेटा एनालिटिक्स तैयार किया गया। साथ ही 10 नवंबर को सचिव की अध्यक्षता में औद्योगिक भागीदारों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

*****